Title: Regarding need to provide natural gas to Makhanpur Industrial Area in Ferozabad Parliamentry Constituency, Uttar Pradesh − Laid.

श्री रामजीलाल सुमन (फिरोजाबाद) : मेरे संसदीय क्षेत्र फिरोजाबाद (उ.प्र.) में मक्खनपुर औद्योगिक क्षेत्र है, जहां काँच की दर्जनों इकाइयां लगी हुई हैं। फिरोजाबाद का कांच उद्योग सम्पूर्ण विश्व में जाना जाता है। चूड़ियों के अतिरिक्त सैंकड़ों प्रकार के आइटम यहां बनते हैं। मक्खनपुर कभी जनपद मैनपुरी में आता था, राज्य सरकार द्वारा इस क्षेत्र को पिछड़ा घोति किए जाने पर लोगों ने यहां कांच की औद्योगिक इकाइयां बड़े उत्साह के साथ लगाई थी। फिरोजाबाद के नया जनपद बनने पर मक्खनपुर की ये औद्योगिक इकाइयां मैनपुरी जनपद से फिरोजाबाद में आ गई। ताज को प्रदूाण से बचाने हेतु सुप्रीम कोर्ट के आदेश से ताज ट्रेपेजियम क्षेत्र बना और कोयले से चलने वाली औद्योगिक इकाइयों को गैस की आपूर्ति किया जाना सुनिश्चित हुआ। मक्खनपुर में कोयले एवं तेल से चलने वाली औद्योगिक इकाइयां स्पर्धा में फिरोजाबाद की गैस से चलने वाली इकाइयों के सामने टिक नहीं सकतीं, परिणामस्वरूप 3 साल से मक्खनपुर की कांच इकाइयां बंद हो गई है।

मक्खनपुर की कांच इकाइयां बंद होने से मक्खनपुर से सटे गांवों के हजारों मजदूर बेकार हो गए हैं। जिन लोगों ने बैकों से ऋण लेकर ये औद्योगिक इकाइयां लगाई थीं, वे आर्थिक रूप से पूरी तरह टूट गए हैं।

मैं सरकार से मांग करता हूं कि हजारों श्रमिकों के रोजगार को बचाने एवं औद्योगिक इकाइयों पर आए अत्यधिक आर्थिक संकट से उन्हें उबारने हेतु मक्खनपुर क्षेत्र को अविलम्ब गैस आपूर्ति कराये जाने के आदेश दें।

*Treated as laid on the Table of the House.